00288

M.Ed. (MASTER OF EDUCATION)

Term-End Examination

June, 2018

MES-052 : PSYCHOLOGY OF LEARNING AND TEACHING

Time : 3 hours *Maximum Weightage : 70%*

*Note : (i) All questions are **compulsory**.*

*(ii) All questions carry **equal** weightage.*

1. Answer the following question in about 600 words :

   Explain Bruner's theory of cognitive development. Discuss the significance of discovery learning in your classroom teaching.

   OR

   What is learning ? Compare cognitivist, behaviourists and neobehaviourist views on learning.

2. Answer the following question in about 600 words :

   What do you mean by 'Attitude' ? Why do we measure attitude ? Discuss Likert - type attitude scale.

   OR

   How is Gestalt thinking different from behaviourist thinking on human learning ? Discuss the implications of Gestalt thinking for teachers in the classroom situation.

3. Answer **any four** of the following questions in about **150** words each :

(a) Explain what is meant by creating "conceptual conflict" ? With which stage of cognitive development of Piaget you will associate this term ? Discuss.

(b) Explain generativity versus stagnation.

(c) 'Ausubel's thinking on meaningful reception learning has a lot of significance for organization of subject matter and its linkage with cognitive structure'. Explain the statement.

(d) Discuss Erickson's identity crises most relevant to school age children (stages 4 and 5) and describe how they develop.

(e) Explain Carl Roger's theory of personality.

(f) What is operant conditioning ? How do the schedules of reinforcement effect it ?

4. Answer the following question in about **600** words :

Keeping in view the physical, emotional, cognitive, social and moral development of adolescents, what educational measures need to be taken by teachers to save adolescents from stress and storm ? Discuss with suitable examples.

शिक्षा में स्नातकोत्तर (एम.एड.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

एम.ई.एस.-052 : अधिगम तथा अध्यापन का मनोविज्ञान

समय : 3 घण्टे *अधिकतम धारिता : 70%*

नोट : *(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

(ii) ***सभी*** *प्रश्नों की भारिता* ***समान*** *हैं।*

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :
ब्रूनर के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। अपने कक्षा-कक्ष शिक्षण में अन्वेषण अधिगम के महत्व की चर्चा कीजिए।

अथवा

अधिगम क्या है ? अधिगम पर संज्ञानवादी, व्यवहारवादी और नवव्यवहारवादी विचारों की तुलना कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :
अभिवृत्ति (Attitude) से आप क्या समझते हैं ? हम अभिवृत्ति का मापन क्यों करते हैं ? लिकर्ट प्रकार अभिवृत्ति-मापनी की चर्चा कीजिए।

अथवा

मानव अधिगम पर समष्टि विचारधारा/गेस्टाल्ट विचारधारा (Gestalt thinking) व्यवहारवादी विचारधारा (Behaviourist thinking) से किस प्रकार भिन्न है ? कक्षा-कक्ष स्थिति में अध्यापकों के लिए गेस्टाल्ट विचारधारा के निहितार्थों की चर्चा कीजिए।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग **150** शब्दों में) दीजिए :

(a) संकल्पनात्मक द्वन्द्व (conceptual conflict) के सृजन/निर्माण से क्या आशय है ? व्याख्या कीजिए। पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के किस चरण/स्तर (stage) से आप इस पद को सम्बद्ध करेंगे ?

(b) उत्पादकता/जनन (Generativity) बनाम अवरोधन (Stagnation) की व्याख्या कीजिए।

(c) 'अर्थपूर्ण अभिग्रहण अधिगम पर आसुबेल (Ausubel) की विचारधारा विषयवस्तु (Subject Matter) और इसके संज्ञानात्मक ढाँचे से जुड़ाव (Linkage) के संगठन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

(d) एरिक्सन के अभिज्ञान संकट (Identity crises) विद्यालय आयुवर्ग के बच्चों (4 एवं 5 स्तर के) के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं। चर्चा कीजिए। और वे किस प्रकार विकसित होते हैं ? वर्णन कीजिए।

(e) कार्ल रोजर के व्यक्तित्व सिद्धान्त (Carl Roger's theory of Personality) की व्याख्या कीजिए।

(f) क्रियाप्रसूत अनुबन्धन/सक्रिय अनुबन्धन (Operant Conditioning) क्या है ? पुनर्बलन/प्रबलन के कार्यक्रम/नियोजन (Schedules) इसे कैसे प्रभावित करते हैं ?

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

किशोरावस्था के शारीरिक, संवेगात्मक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और नैतिक विकास को ध्यान में रखते हुए किशोरावस्था को दबाव (Stress) और तूफान/उत्तेजना/कोलाहल (Storm) से बचाने के लिए अध्यापकों द्वारा कौन से शैक्षिक कदम/उपाय उठाने की आवश्यकता होती है ? उपयुक्त उदाहरणों द्वारा चर्चा कीजिए।